
# प्रेस विज्ञप्ति

**नई दिल्ली**

**21 जून, 2025**

**हडको ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 मनाया**






हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) , एक नवरत्न एनबीएफसी-आईएफसी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में, **"योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ"** की थीम के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन किया।

भारत सरकार की पहल के अनुरूप योग अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, हडको ने दिल्ली में एक योग सत्र आयोजित किया, जहाँ पूरा हडको परिवार इस चिरकालिक योग को अपनाने के लिए एक साथ एकत्र हुआ तथा विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास किए। बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त, पूरे भारत में इसके विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में योग सत्र आयोजित किए गए। हडको फिट और स्वस्थ भारत की आवश्यकता के अनुरूप कार्मिक कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है ।